# अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 20 जुलाई 2026
आषाढ़ शुक्ल-सप्तमी
विक्रम संवत-2083

PAGE NO :07 MIDDLE


# बारिश की बूंदों के साथ कथक की प्रस्तुति ने बांधा समां



रिद्धिमा सभागार में कथक की प्रस्तुति देते विद्यार्थी। स्रोत : संस्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में रविवार की शाम आयोजित 'द मानसून' कार्यक्रम में बारिश की बूंदों के साथ कथक की धूम रही। कथक के विद्यार्थियों गौरा, युतिका, पंखुड़ी, अवनी, प्रनिका, वर्णिका, प्रकृति, वैदेही, गुरनूर, आयत, रित्विका, नित्या जैन, कायरा, विवक्षा, मधुर कुकरेजा ने इठलाती बलखाती गाने की ट्रैक रिकॉर्डिंग पर कथक की प्रस्तुति दी।

नित्या कटारा ने भी अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कथक गुरु अंशु शर्मा ने बरसात की लयबद्ध धुन पर प्रस्तुति दी। कथक गुरु देवज्योति नस्कर और रियाश्री चटर्जी ने भी अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन किया।

गायन गुरु प्रियंका ग्वाल और सात्विक मिश्रा ने अपने स्वरों के साथ और वाद्ययंत्र गुरुओं दीपकांत जौहरी, अमरनाथ, ऋषभ देव पाठक, अनीश मिश्रा, सीमा ने अपनी विधा से मन मोह लिया। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति सहित अन्य मौजूद रहे।